पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने राजभवन स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली

आजीविका के लिए भ्रमणशील रहने वालों के बच्चों की सरकारी विद्यालयों में शिक्षा जारी रखने के प्रयास हों

अभिभावकों के गाँव प्रवास के दौरान वहाँ आगे पढ़ें बच्चे

–राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 18 दिसम्बर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति की जानकारी ली। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने लम्बे समय तक अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों की संख्या के बारे में जानकारी देते हुए राज्यपाल जी को बताया कि प्रायः बच्चों के अभिभावकों द्वारा आजीविका के लिए भ्रमणशील होने तथा गाँवों में प्रवास के कारण उनके साथ बच्चे भी चले जाते हैं तथा वापस आने पर पुनः विद्यालय आना प्रारम्भ कर देते हैं।

राज्यपाल जी ने अभिभावकों के प्रवास अवधि में बच्चों की शिक्षा प्रभावित न होने की व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गाँव जाने वाले बच्चों की शिक्षा का प्रमाण–पत्र जारी करें, जिससे प्रवास के दौरान वे बच्चे स्थानीय सरकारी स्कूल में आगे की शिक्षा ग्रहण कर सकें तथा अभिभावकों के वापस आने पर बच्चे पुनः अपने प्रमाण–पत्र के आधार पर अपने स्कूल में शिक्षा की निरंतरता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जानी, विद्यालय की प्रधानाचार्य, प्राध्यापिका तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ. सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक,
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र–8318116361